


गोविन्द बल्लभ पन्त अस्पताल, दिल्ली
Govind Ballabh Pant Hospital, Delhi

भारतीय डाक
India Post

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

जारी करने की तारीख Date of Issue	: :	30 अप्रैल, 2014 30 April, 2014
मूल्यवर्ग Denomination	: :	500 पै. 500 p
मुद्रित डाक टिकटें Stamps Printed	: :	6 लाख* 0.6 million*
मुद्रण प्रक्रिया Printing Process	: :	वेट ऑफसेट Wet Offset
मुद्रक Printer	: :	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद Security Printing Press, Hyderabad

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक–टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the stamp, first day cover and information brochure rest with the Department.

*एक लाख प्रस्तावक हेतु।
*0.1 million for the proponent.

मूल्य ₹ 5.00

गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल, दिल्ली

गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल, जो जी.बी. पंत हॉस्पिटल के रूप में भी जाना जाता है, एक अति विशिष्ट (सुपर स्पेसियलिटी) संस्थान है, जिसका निर्माण एक महान देशभक्त, स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता, गोविन्द बल्लभ पंत की स्मृति में कराया गया था। इसका शिलान्यास अक्तूबर, 1961 में किया गया तथा उद्घाटन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा 30 अप्रैल, 1964 को किया गया।

अपनी स्थापना से लेकर अब तक इस अस्पताल ने एक लम्बा सफर तय किया है। 229 बिस्तरों वाले एक अति साधारण अस्पताल के रूप में शुरुआत करने वाला यह अस्पताल अब 691 बिस्तरों वाले एक विशिष्ट अस्पताल का रूप ले चुका है। इसका तृतीयक सेवा केन्द्र हृदय विज्ञान, तंत्रिका विज्ञान, आमाशय विज्ञान और मनोरोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात संस्था के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। यहां इन अति विशिष्ट (सुपर स्पेसियलिटी) चिकित्सा पद्धतियों में सहयोग के लिए विकिरण (रेडियो) निदान, इमेजिंग, विकृति विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान, जीव रसायन और ब्लड बैंक की आधुनिक सुविधाओं से लैस विभाग मौजूद हैं। वर्ष 2012 के दौरान इस अस्पताल की ओपीडी में भारत और विदेशों के लगभग 622665 लाख रोगियों को अति विशिष्ट इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई ।

यह अस्पताल सुपर स्पेसियलिटी में पोस्ट– डॉक्टॉरल शिक्षण और प्रशिक्षण के लिए विख्यात केन्द्रों में से एक है तथा यह अपने नवीन शोध कार्यों के लिए जाना जाता है। इस संस्था को भारतीय चिकित्सा परिषद और विश्व विद्यालय अनुदान आयोग दोनों द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय से संबंद्ध एक स्वतंत्र स्नातकोत्तर अस्पताल के रूप में विशिष्ट मान्यता प्रदान की गई है ।

यह संस्था हृदय विज्ञान, तंत्रिका विज्ञान और गैस्ट्रोएन्ट्रोलॉजी में पोस्ट डॉक्टॉरल डी.एम. डिग्री तथा हृदयवक्षीय शल्यचिकित्सा, तंत्रिका शल्य चिकित्सा तथा आमाशय आंत्र शल्यचिकित्सा में एम.सी.एच. डिग्री प्रदान करती है। छात्रों को सूक्ष्म विज्ञान, विकृति विज्ञान, मनोरोग विज्ञान और विकिरण निदान के क्षेत्र में एम.डी. के पाठ्यक्रमों में भी इसकी सहयोगी संस्था, मौलाना आजाद चिकित्सा महाविद्यालय के सहयोग से प्रवेश दिया जाता है। इसके अलावा, कई विभाग पीएचडी और डिप्लोमेट ऑफ राष्ट्रीय बोर्ड (डी.एन.बी) पाठ्यक्रमों के लिए भी जाने जाते हैं तथा उनके पर्यवेक्षण में सक्रिय शोध कार्य जारी है। हाल ही में इस संस्था ने आधुनिक आईसीयू सहित उत्कृष्ट तंत्रिका–शल्यचिकित्सा और आमाशय शल्यचिकित्सा माड्यूलर ऑपरेशन थिएटर की शुरुआत की है।

डाक विभाग गोविन्द बल्लभ पंत अस्पताल, दिल्ली के राष्ट्र की सेवा में 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर डाक–टिकट जारी करके प्रसन्नता का अनुभव करता है।

आभार :–

पाठ	:	प्रस्तावक द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री पर आधारित
डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण	:	सुरेश कुमार
विरूपण	:	अलका शर्मा

GOVIND BALLABH PANT HOSPITAL, DELHI

Govind Ballabh Pant Hospital, also known as G.B.Pant Hospital, is a super specialty institute which was built in the memory of the great patriot, freedom fighter and statesman, Govind Ballabh Pant. Its foundation stone was laid in October, 1961 and it was inaugurated on 30th April, 1964 by the first Prime Minister of India, Pt. Jawahar Lal Nehru.

The hospital has come a long way since its inception. From a very humble beginning of 229 beds, it has now expanded to 691 beds. Its tertiary care centre is now an internationally recognized institution for Cardiac sciences, Neurosciences, Gastro sciences and Psychiatric diseases. These super-specialties are backed by state-of-the-art departments of Radio diagnosis and Imaging, Pathology, Microbiology, Biochemistry and Blood Bank Facilities. It has offered super-specialty treatment to about 622665 lakh patients from India and overseas in OPD during 2012.

It is one of the reputed centres for post-doctoral teaching and training in super-specialties, and is recognized for many a path breaking research. The institution has a unique recognition by both Medical Council of India and University Grants Commission as an independent post graduate hospital affiliated to University of Delhi.

The institution offers post-doctoral D.M. degrees in Cardiology, Neurology and Gastroenterology and M.Ch. degrees in Cardio Thoracic Surgery, Neuro Surgery and Gastrointestinal Surgery. Students are also admitted in M.D. courses in the fields of Microbiology, Pathology, Psychiatry and Radio-Diagnosis – in association with Maulana Azad Medical College – a sister institution. In addition, many departments are recognized for Ph. D. and Diplomate of National Board (DNB) courses, and active research work is going on under their supervision. Recently the institution has added best neurosurgery and Gastro surgery modular operation theatres with state-of-art ICU.

Department of Posts is happy to release a Postage Stamp to commemorate the 50 years of Govind Ballabh Pant Hospital, Delhi in the service of the nation.

Credits :

Text	:	Based on the material furnished by the proponent.
Stamp/FDC	:	Suresh Kumar
Cancellation	:	Alka Sharma

प्रथम दिवस आवरण FIRST DAY COVER



गोविन्द बल्लभ पन्त अस्पताल, दिल्ली Govind Ballabh Pant Hospital, Delhi
(1964 - 2014)

